# राष्ट्र भू-भाग से नहीं उसके लोगों से बनता है: कोठारी

चित्तौड़गढ़ राष्ट्र भू-भाग से नहीं उसके लोगों से बनता है। किसी भी राष्ट्र के लिए सबसे पहले भूमि, उसमें रहने वाले लोग, लोगों द्वारा बोले जाने वाली भाषा और संस्कृति आवश्यक है। राष्ट्र इन सभी तत्वों का समिश्रण होता है। उक्त बातें मेवाड़ विश्वविद्यालय में युवा कार्यक्रम एवं खेल मन्त्रालय भारत सरकार तथा क्षेत्रीय निदेशालय राष्ट्रीय सेवा योजना, जयपुर के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर के पांचवें दिन तीसरे सत्र में देशभर के एनएसएस वालन्टियर्स को सम्बोधित करते हुए हिन्दू आध्यात्म और सेवा संस्था के संयोजक गुणवन्त कोठारी ने कही। आगे इन्होंने इजरायल का उदाहरण देते हुए कहा कि हमें अपने राष्ट्र के प्रति सदैव निष्ठा का भाव रखना चाहिये तभी हम एक सच्चे राष्ट्रभक्त कहलाने के हकदार हैं। तीसरे सत्र की अध्यक्षता करते हुए मेवाड़ विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. अशोक कुमार गदिया ने कहा कि यह सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर विद्यार्थियों में राष्ट्र के प्रति एकता की भावना एवं परस्पर एक दूसरे की संस्कृतियों को साझा करने का सुनहरा मंच है। परिचय एवं स्वागत भाषण मेवाड़ विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति आनन्द वर्द्धन शुक्ल ने दिया। प्रथम सत्र में देश भर से आये हुए एनएसएस वालन्टियर्स को मेवाड़ विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट डायरेक्टर हरीश गुरनानी ने सम्बोधित किया। उन्होंने छात्रों को नौकरी और व्यवसाय के बीच अन्तर को स्पष्ट करते हुए करियर सम्बन्धी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की। दूसरे सत्र में प्रतिकुलपति आनन्द वर्द्धन शुक्ल ने कहा कि भारत एक स्पन्दन है इसे महसूस करने की कोशिश करें। उन्होंने भारत के विभिन्न राज्यों की संस्कृतियों का हवाला देते हुए उनमें निहित विभिन्नता में एकता की भावना का महत्व बताया। शिविर में सभी एनएसएस वालन्टियर्स ने मेवाड़ विश्वविद्यालय में प्रभातफेरी, योग, श्रमदान एवं सफाई अभियान में हिस्सा लिया। इस अवसर पर गाजियाबाद डायरेक्टर डॉ. अलका अग्रवाल, क्षेत्रीय निदेशालय जयपुर के निदेशक एस.पी. भटनागर, श्रवण कटारिया, कॉर्डिनेटर, सौरभ शुक्ला, डॉ. ज्योति सिंह राघव एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी मौजूद रहे।

Rajasthan Patrika 27-05-2022

## मेवाड़ विश्व विद्यालय में राष्ट्रीय एकता शिविर

# अपने राष्ट्र के प्रति सदैव निष्ठा का भाव रखें: कोठारी

गंगरार, 26 मई (जस.)। राष्ट्र भू-भाग से नहीं उसके लोगों से बनता है। किसी भी राष्ट्र के लिए सबसे पहले भूमि, उसमें रहने वाले लोग, लोगों द्वारा बोले जाने वाली भाषा और संस्कृति आवश्यक है, राष्ट्र इन सभी तत्वों का सम्मिश्रण होता है।

यह बात मेवाड़ विश्वविद्यालय में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार तथा क्षेत्रीय निदेशालय राष्ट्रीय सेवा योजना जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर के पाँचवें दिन तीसरे सत्र में देशभर के एनएसएस वालन्टियर्स को सम्बोधित करते हुए हिन्दू आध्यात्म और सेवा संस्था के संयोजक गुणवन्त कोठारी ने कही। उन्होंने इजरायल का उदाहरण देते हुए कहा कि हमें अपने राष्ट्र के प्रति सदैव निष्ठा का भाव रखना चाहिये तभी हम एक सच्चे राष्ट्रवादी कहलाने के हकदार है। तीसरे सत्र की अध्यक्षता करते हुए मेवाड़ विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. अशोक कुमार गदिया ने कहा कि यह सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर विद्यार्थियों में राष्ट्र के प्रति एकता की भावना एवं परस्पर एक दूसरे की संस्कृतियों को साझा करने का सुनहरा मंच है, विश्वविद्यालय का भी सदैव यही उद्देश्य रहा है। उन्होंने बताया कि मेवाड़ विश्वविद्यालय में देशभर के लगभग 24 राज्यों के विद्यार्थी नियमित अध्ययन करते है। कार्यक्रम में परिचय एवं स्वागत भाषण प्रतिकुलपति आनन्द वर्द्धन शुक्ल ने दिया। प्रथम सत्र में देश भर से आये हुए एनएसएस वालन्टियर्स को विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट डायरेक्टर हरीश गुरनानी ने सम्बोधित किया। उन्होंने छात्रों को नौकरी और व्यवसाय के बीच अन्तर को स्पष्ट करते हुए कैरियर सम्बन्धी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की।

दूसरे सत्र में 'राष्ट्र निर्माण में संस्कृत की भूमिका' विषय पर एनएसएस वालंटियर्स को सम्बोधित करते हुए प्रतिकुलपति आनन्द वर्द्धन शुक्ल ने कहा कि भारत एक स्पन्दन है, इसे महसूस करने की कोशिश करें। उन्होंने भारत के विभिन्न राज्यों की संस्कृतियों का हवाला देते हुए उनमें निहित विभिन्नता में एकता की भावना का महत्व बताया। एनएसएस वालन्टियर्स ने विश्वविद्यालय में प्रभातफेरी, योग, श्रमदान एवं सफाई अभियान में हिस्सा लिया। इसके अलावा राजस्थान एवं असम के एनएसएस वॉलन्टियर्स ने दोपहर में खेलकूद गतिविधियों एवं सायंकाल चौथे सत्र में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रदर्शन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन राजस्थान के राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रूचि मिश्रा एवं धन्यवाद ज्ञापन असम के एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी ज्योतिष मान ने किया।

Jannayak 27-05-2022

# राष्ट्र भू-भाग से नहीं उसके लोगों से बनता है: गुणवन्त कोठारी

गंगरार। राष्ट्र भू-भाग से नहीं उसके लोगों से बनता है। किसी भी राष्ट्र के लिए सबसे पहले भूमि, उसमें रहने वाले लोग, लोगों द्वारा बोले जाने वाली भाषा और संस्कृति आवश्यक है। राष्ट्र इन सभी तत्त्वों का समिश्रण होता है। उक्त बातें मेवाड़ विश्वविद्यालय में युवा कार्यक्रम एवं खेल मन्त्रालय भारत सरकार तथा क्षेत्रीय निदेशालय राष्ट्रीय सेवा योजना, जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सात दिवस राष्ट्रीय एकता शिविर के पांचवें दिन तीसरे सत्र में देशभर के एनएसएस वालन्टियर्स को सम्बोधित करते हुए हिन्दू आध्यात्म और सेवा संस्था के संयोजक गुणवन्त कोठारी ने कही। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. अशोक कुमार गदिया, प्रतिकुलपति आनन्द वर्द्धन शुक्ल, ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट डायरेक्टर हरीश गुरनानी ने भी सम्बोधित किया। राष्ट्र निर्माण में संस्कृत की भूमिका बताई।

Dainik Navajyoti 27-05-2022

# शिक्षा मंत्री डॉ. कल्ला आज चित्तौड़गढ़ जिले में

चित्तौड़गढ़ (प्रातःकाल संवाददाता)। शिक्षा मंत्री डॉ. बी. डी. कल्ला गुरूवार रात रेल मार्ग से जयपुर से प्रस्थान कर आज सुबह चित्तौड़गढ़ रेलवे स्टेशन पहुंचेंगे। प्रस्तावित यात्रा कार्यक्रम के अनुसार शिक्षा मंत्री सुबह 10:30 बजे मेवाड़ यूनिवर्सिटी, गंगरार में एक कार्यक्रम में शिरकत करेंगे और दोपहर 2:15 बजे बिम्बाहेड़ा पंचायत समिति सभागार में शिक्षा विभाग के जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेंगे। कल्ला बिम्बाहेड़ा के गुडा खेड़ा में राजमाता के नए भवन का उद्घाटन कर वहां से वे सड़क मार्ग से उदयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

## महिला आयोग अध्यक्ष आज आएंगी

राष्ट्रीय महिला आयोग, अध्यक्ष रेखा शर्मा शुक्रवार को उदयपुर एयरपोर्ट से प्रातः 8:15 बजे सड़क मार्ग द्वारा प्रस्थान कर मेवाड़ यूनिवर्सिटी गंगरार के एक कार्यक्रम में शिरकत करेंगी। रेखा शर्मा रात्रि विश्राम चित्तौड़गढ़ में कर शनिवार को मेवाड़ यूनिवर्सिटी, से सड़क मार्ग द्वारा उदयपुर के लिए प्रस्थान करेंगी।

Pratahkal 27-05-2022